झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 163 • दुमका • मंगलवार, 22 जून 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम गुरुकुलम

रामगोपाल शर्मा

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

संक्षिप्त समाचार

अब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और ओवरसीज बैंक का भी होगा विनिवेश

मुंबई। विनिवेशकी लिस्ट में अब दो और बैंकों का नाम जुड़ गया है। सीएनबीसी आवाज की रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक का भी अब विनिवेश होगा। विनिवेश के पहले चरण में ये दोनों बैंक अपनी 51 फीसदी हिस्सेदारी सेल करेंगे।

केंद्र सरकार मानसून सत्र के दौरान इन दो सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम और बैंकिंग कानून अधिनियम में संशोधन ला सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार विनिवेश के लिए बैंकिंग नियमन अधिनियम और कुछ अन्य बैंकिंग कानूनों में भी संशोधन करेगी।बैंकों के निजीकरण से ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि जिन बैंकों का निजीकरण होने जा रहा है, उनके खाताधारकों को कोई नुकसान नहीं होगा। ग्राहकों को पहले की तरह ही बैंकिंग सेवाएं मिलती रहेंगी।

दरअसल इस समय केंद्र सरकार विनिवेश पर ज्यादा ध्यान दे रही है। सरकारी बैंकों में हिस्सेदारी बेचकर सरकार राजस्व को बढ़ाना चाहती है और उस पैसे का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं पर करना चाहती है। सरकार ने 2021-22 में विनिवेश से 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

सुविचार

जब तक जीवन है, सीखते रहो क्यूंकि अनुभव ही सबसे श्रेष्ठ शिक्षक है

● स्वामी विवेकानंद

गुड मॉर्निंग

पत्नी (पति के बर्थडे पर) : क्या गिफ्ट दूं ?

पति : गिफ्ट रहने दे । बस कभी-कभी प्यार से देख लिया कर, इज्जत किया कर और तमीज से बात कर लिया कर।

पत्नी (एक मिनट सोच कर) : नहीं, मैं तो गिफ्ट ही दूंगी।

बिजनेस

सेंसेक्स

52,574.46+230.01 (0.44%)

निफ्टी

15,746.50+63.15 (0.40%)

दैनिक पंचांग

नई दिल्ली, भारत (22 जून 2021)
तिथिः शुक्ल वर्षा
मास अमांतः ज्येष्ठ
मास पूर्णिमांतः ज्येष्ठ
वारः मंगलवारे सम्वतः 2078
नक्षत्रः विशाखा - 14:23:05 तक
योगः सिद्ध - 13:50:40 तक

मौसम

अधिकतम – 39 °
न्यूनतम – 22°

सूर्योदयः 05:23:49
सूर्यास्तः 19:22:02

इस बार भी नहीं होगी अमरनाथ यात्रा

जम्मू/एजेंसी।

अंततः प्रदेश प्रशासन ने इस बार की अमरनाथ यात्रा को रद्द कर दिया है। लगातार दूसरे वर्ष अमरनाथ यात्रा कोरोनावायरस की भेंट चढ़ गई है। इससे पहले लगातार दूसरी बार इंटरनेशनल बॉर्डर पर लगने वाले चमलियाल मेले को रद्द किया जा चुका है।

ट्विटर पर इसकी जानकारी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दी है। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा इस बार भी नहीं होगी। कोरोना के चलते उपराज्यपाल सरकार ने यात्रा को रद्द करने का फैसला लिया है। मनोज सिन्हा ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना प्राथमिकता है। पिछले साल की तरह छड़ी यात्रा के साथ केवल पारंपरिक पूजन ही होगा। पवित्र गुफा से बाबा बर्फानी की आरती का प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने यात्रा न कराने का फैसला किया है। हालांकि, सभी पारंपरिक पूजन पहले ही की तरह होंगे। छड़ी निकलेगी और ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन पूजन भी होगा। इस साल श्राइन बोर्ड ने 28 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू कराने का फैसला किया था। पहले दिन उपराज्यपाल एवं अन्य लोग बाबा बर्फानी की पूजा अर्चना करेंगे। बोर्ड प्रशासन ने बाबा के दर से सुबह-शाम की आरती के लाइव प्रसारण के लिए करार कर लिया है। नियमित रूप से पवित्र गुफा से आरती का प्रसारण होगा। बाबा भोले के भक्त देशभर से मां वैष्णो की तरह आरती का लाइव प्रसारण देख सकेंगे। इससे पहले अमरनाथ श्राइन बोर्ड से जुडे अधिकारियों के अनुसार, इस साल बालटाल के रास्ते सीमित संख्या में श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति प्रदान करने और हेलीकॉप्टर के जरिए यात्रा की अनुमति देने पर विचार किया गया था। जहां तक कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी कहा था कि हालात का आकलन किया जा रहा है और जल्द ही अमरनाथ यात्रा पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

बिहार में लॉकडाउन में ढील, 23 जून से पार्क भी खुलेंगे

पटना/एजेंसी।

बिहार में कोरोनावायरस के चलते जारी लॉकडाउन में थोड़ी और ढील दी गई है। रात्रि कर्फ्यू की अवधि अब सुबह 9 से 5 बजे तक रहेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके बाद फैसला लिया गया कि 23 जून से 6 जुलाई तक सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालय शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ काम करेंगे, जबकि दुकानें 7 बजे संध्या तक खुलेगी।

नीतीश कुमार ने ट्वीट कर बताया कि रात्रि कर्फ्यू रात्रि 9 बजे से सुबह 5 बजे तक लागू रहेगा। इसके साथ ही पार्क एवं उद्यान 6 बजे सुबह से 12 बजे दिन तक खुलेंगे। हालांकि सीएम ने कहा कि अभी भी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

आज से राज्यभर में सभी बूथों पर पड़ेंगे सभी उम्र के लोगों को टीके

रांची/एजेंसी।

राज्य में अब 18 से 44 और 45 से 49 आयु वर्ग के लिए अलग -अलग टीकाकरण बूथ नहीं होंगे। स्वास्थ्य विभाग के वरीय आईईसी प्रभारी सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया कि अब 18 से अधिक आयु वर्ग का कोई भी व्यक्ति जो टीका नहीं ले सका है, चाहे तो पहले से निबंधन कराकर या बूथ पर जाकर ही निबंधन कराने के बाद टीका ले सकता है।

आईईसी प्रभारी ने बताया कि राज्य में फिलहाल 3377 टीकाकरण केंद्र सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसमें 45+ के लिए 2451 और 18+ के लिए 926 बूथ हैं। लेकिन मंगलवार से सभी बूथों पर सभी को टीका दिया जा सकेगा। हर बूथ पर प्रतिदिन 100 लोगों के टीकाकरण की क्षमता है। यानी केवल सरकारी केंद्रों पर प्रतिदिन 3.37 लाख लोगों के टीकाकरण की क्षमता है, जबकि निजी अस्पतालों के टीकाकरण की क्षमता अलग है।

राज्य में फिलहाल आम दिनों में 65,000 से 88,000 टीके दिए जा रहे हैं। वहीं वीकेंड में चलाए जा रहे तीन दिवसीय अभियान में एक से सवा लाख तक टीकाकरण किया जाता है। इसे बढ़ाकर डेढ़ लाख प्रतिदिन का लक्ष्य तय किया जाएगा। आईईसी प्रभारी ने बताया कि जुलाई में कम से कम 24 लाख लोगों के टीकाकरण की तैयारी है।

कोरोना से मौत होने पर परिवार को 4 लाख मुआवजा मामले में कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

नई दिल्ली/एजेंसी।

उच्चतम न्यायालय ने कोरोनावायरस कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सोमवार को सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एमआर शाह की विशेष अवकाशकालीन पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ वकील एसबी उपाध्याय और अन्य वकीलों की दलीलें करीब 2 घंटे सुनीं। इसके बाद शीर्ष अदालत ने पक्षकारों से तीन दिन में लिखित अभिवेदन दाखिल करने को कहा और खासकर केंद्र से कहा कि वह कोविड-19 के कारण जान गंवाने वालों के आश्रितों को मृत्यु प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया को सरल बनाए।

इससे पहले, केंद्र ने न्यायालय से कहा था कि कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपए मुआवजा नहीं दिया जा सकता, क्योंकि इसका वित्तीय बोझ उठाना मुमकिन नहीं है और केंद्र एवं राज्य सरकारों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। शीर्ष अदालत में एक हलफनामे में गृह मंत्रालय ने कहा है कि आपदा प्रबंधन कानून, 2005 की धारा 12 के तहत न्यूनतम मानक राहत के तौर पर स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना बढ़ाने एवं प्रत्येक नागरिक को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस और तेजी से कदम उठाए गए हैं।

ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) की 36 वां स्थापना दिवस पर झारखण्ड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं !

निवेदक :

प्रेमचंद किस्कू

केंद्रीय अध्यक्ष
जेपीपी सह
संस्थापक सदस्य
ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन
(आजसू) झारखण्ड

Unique Id: JH/2021/0276382

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207
Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014
+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632
Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

THE VALUABLE OPPORTUNITY TO MAKE BUSINESS PERFECT

Admission Guidence

MBBS PHARMACY NURSING DIP. ENG (BIT MESRA) B.TECH
MBA LLB GRADUATION MASTERS PARA MEDICAL

Contact for any type of career and business consulancy & counselling

Private Ltd. Company. Registration	Digital Signature
One Person Company. Registration	ISO Certification
Sole Propietorship Registration	MSME/SSI
Startup India Registration	FSSAI
Partnership Firm Registration	IEC
US Incorporation Registration	EPF/ESI
UK Incorporation Registration	GST
Dubai Incorporation Registration	Trade Mark
	& Many More....

Call Us: +91 8789416227

Time : 10:00 am to 2:00 pm

देश में 1 दिन में रिकॉर्ड टीकाकरण

कोरोना वैक्सीन की 78 लाख से ज्यादा खुराकें दी गईं

नई दिल्ली/एजेंसी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कोरोनावायरस कोविड-19 टीकाकरण के लिए संशोधित दिशानिर्देशों के पहले दिन सोमवार की शाम तक देशभर में टीके की 78 लाख से अधिक खुराक दी गईं।गत 16 जनवरी से शुरू हुए टीकाकरण अभियान के बाद से एक दिन में टीके की सबसे अधिक खुराक दी गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, केंद्र सरकार आज से प्रत्येक भारतीय के लिए 'सभी के लिए मुफ्त टीकाकरण अभियान' शुरू कर रही है। भारत के टीकाकरण अभियान के इस चरण के सबसे बड़े लाभार्थी देश के गरीब, मध्यम वर्ग और युवा होंगे। हम सभी को खुद को टीका लगवाने का संकल्प लेना चाहिए। हम साथ मिलकर कोविड-19 को हराएंगे।

संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, केंद्र द्वारा मुफ्त में उपलब्ध कराए गए टीके की खुराक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आबादी, बीमारी के प्रसार के स्तर और टीकाकरण की प्रगति आदि मानदंडों के आधार पर आवंटित की जाएगी। टीके की बर्बादी से आवंटन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारत सरकार देश में स्थित विनिर्माताओं से कोविड रोधी टीकों की 75 प्रतिशत खरीद करेगी।

इसने पहले राज्यों और निजी अस्पतालों को 50 प्रतिशत टीके खरीदने की अनुमति दी थी। हालांकि कई राज्यों द्वारा धनराशि सहित कुछ समस्याओं की शिकायत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ जून को टीका दिशानिर्देशों में संशोधन की घोषणा की थी। संशोधित दिशा-निर्देशों में कहा गया था, खरीदे गए टीके राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लगातार निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे जैसा कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत के समय से हो रहा है। ये खुराक राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा सरकारी टीकाकरण केंद्रों के माध्यम से प्राथमिकता के अनुरूप सभी नागरिकों को निःशुल्क लगाई जाएंगी। इनमें कहा गया था, 18 साल से अधिक आयु के नागरिकों के आबादी समूह के मामले में राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश टीका आपूर्ति कार्यक्रम में अपनी खुद की प्राथमिकता तय कर सकते हैं। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि टीका विनिर्माताओं द्वारा उत्पादन और नए टीकों को प्रोत्साहित करने के वास्ते, घरेलू टीका विनिर्माताओं को सीधे निजी अस्पतालों को टीके उपलब्ध कराने का विकल्प भी दिया गया है, जो उनके मासिक उत्पादन के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

न दिशा-निर्देशों के अनुरूप, राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश बड़े और छोटे निजी अस्पतालों तथा क्षेत्रीय संतुलन के बीच टीकों के समान वितरण के मद्देनजर निजी अस्पतालों की मांग का संग्रह करेंगे। दिशानिर्देशों में कहा गया था कि निजी अस्पतालों के लिए टीका खुराक की कीमत प्रत्येक टीका विनिर्माता द्वारा घोषित की जाएगी और बाद में किए जाने वाले किसी भी बदलाव के बारे में पहले से ही सूचित कर दिया जाएगा।

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

सभी जलसहिया 28 जून तक कराए अपना कोविड टीकाकरण:उपायुक्त

- **स्वच्छ भारत मिशन और पेयजल आपूर्ति योजना की समीक्षा**
- **वैसे शौचालय जिनमें गेट, पेन, पाईप, रंगाई का कार्य बांकि है उसे एक सप्ताह के अंदर करें पूर्ण**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
समाहरणालय सभागार में उपायुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता में सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी। आयोजित बैठक में उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बन रहे शौचालय निर्माण कार्य की जानकारी ली। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), अंतर्गत सभी 10 प्रखंडों में निर्माण कराये गये शौचालय का उपयोगिता प्रमाण-पत्र समायोजन सामुदायिक शौचालय निर्माण एवं ग्रामीण जलसहियाओं का कोविड-19 टीकाकरण से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि शौचालय निर्माण का उपयोगिता प्रमाण-पत्र अबतक शत प्रतिशत जमा नही किया गया है। जो खेद का विषय है। अतः लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र 02 जुलाई 2021 तक जमा करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा में सामुदायिक शौचालय निर्माण की प्रगति पर चर्चा की गयी, जिसमें पाया गया कि सभी प्रखंडों में अबतक कुल 69 सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल चयनोपरांत उपभोक्ता समूह का गठन किया जा चुका है, जिसमें 17 उपभोक्ता समूह के खाता में 15 वीं वित्त राशि उपलब्ध करा दी गयी है जिसमें 07 उपभोक्ता समूह के द्वारा निर्माण कराने हेतु सामुदायिक शौचालय का मापी कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसमें से 02 सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड समन्वयक / सभी सोशल मोबलाईजर एक सप्ताह के अंदर चिन्हित स्थलों का सत्यापन के पश्चात 15 वीं वित से राशि हस्तांतरित कराकर इसकी सूचना जिला कार्यालय में देंगे। साथ ही निदेश दिया गया कि वैसे शौचालयों जिनमें गेट, पेन, पाईप, रंगाई का कार्य बांकि है उसे एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करा कर उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में उपायुक्त ने जल सहिया के माध्यम से गांव में घूम घूम कर पूर्व में बने शौचालयों का उपयोग कराने एवं जो भी एनएलओबी के तहत शौचालय बन रहे हैं उन सभी शौचालय का गुणवत्ता में कमी ना हो, इसके लिए गांव में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने की भी बात कही। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में आरंभ होने वाली जल जीवन मिशन योजना की जानकारी ली एवं जिले के प्रत्येक गांव एवं टोले में शुद्ध पेयजल पहुंचाने को लेकर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

बैठक के क्रम में सोलर जलमीनार की भी समीक्षा की गई। जिसके बाद उपायुक्त के द्वारा अन्य कई दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि जिले में एक भी ऐसा गांव या टोला नहीं हो जहां पेयजल की समस्या उत्पन्न हो इसे सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विभाग एवं जिलास्तर से पेयजल समस्या के निदान को लेकर हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने समीक्षा कर कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि कुल 2430 जलसहियाओं में से अबतक 958 जलसहियाओं का कोविड-19 टीकाकरण कराया जा चुका है। जिस पर उपायुक्त ने शेष 1472 जलसहियाओं का टीकाकरण दिनांक 28 जून तक पूर्ण कराने का निदेश दिया। उक्त बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार द्विवेदी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 01 उपेंद्र कुमार मंडल, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 01 एवं 02. कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 01 एवं 02 जिला परामर्शी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), दुमका, सभी प्रखंड समन्वयक एवं सभी सोशल मोबलाईजर उपस्थित थे।

योग को अपनाकर लोगों ने अपनी प्रतिरोधक क्षमता का विकास किया-डॉ लुईस मरांडी

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
विश्व योगा दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला द्वारा जिला अध्यक्ष निवास मंडल की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन न्यू बाबू पाड़ा स्थित भारतीय जनता पार्टी के अस्थाई चुनाव कार्यालय में संपन्न हुआ। इस योग शिविर में मुख्य रूप से झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी एवं प्रदेश के उपाध्यक्ष विनोद शर्मा शामिल हुए. पतंजलि संस्थान के योग प्रशिक्षक राजीव साह द्वारा कई तरह के योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कार्यकर्ताओं को कराया गया। मौके पर डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि आज के इस वैश्विक संक्रमण कोरोना काल में जिस प्रकार योग को अपनाकर लोगों ने अपनी प्रतिरोधक क्षमता का विकास किया एवं कोरोना को हराने का काम किया यह अभूतपूर्व है, भारत भूमि ऋषि मुनियों की भूमि रही है और योग का मानव जीवन में आदिकाल से ही महत्व रहा है तन मन को शुद्ध एवं तंदुरुस्त रखने के लिए योग नितांत आवश्यक है। आज के इस भाग दौड़ भरी जीवन में निश्चित रूप से मनुष्य को समय निकालकर योग करना चाहिए ताकि हमारा शरीर निर्विकार एवं मजबूत हो सके। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद अर्पित किया और कहां की प्रधानमंत्री ने योग को वैश्विक पटल पर एक अलग स्थान दिलाने का जो काम किया है इसे देश की जनता कभी भूल नहीं सकती। संपूर्ण विश्व ने योग की शक्ति को पहचाना है एवं योग को आत्मसात किया है। डॉक्टर मरांडी ने कहा आज से वैक्सिनेशन का महा अभियान शुरू हुई है, केंद्र सरकार सभी का टीकाकरण करा कोरोना पर नियंत्रण का प्रयास कर रही है, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने परिवार एवम आस पड़ोस के लोगों को टीका लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की। मौके पर योग शिविर में अमीता रक्षित, नगर अध्यक्ष मृणाल मिश्रा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित रक्षित मीडिया प्रभारी अजय गुप्ता, ओम केसरी, कमल दास, बबलू पटवारी, अजय पाठक, प्रदीप मिश्रा, नीतू झा, रंजना उपाध्याय, पूनम साह, पंकज वर्मा, राजीव मिश्रा, मलय नाग, नवल किस्कू, दीपेन झा, संजय केसरी, सितेश साहा, कुणाल झा, राजकुमार, मुदशर हुसैन, मोहम्मद मुस्तफा, सागनिक साहा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरी तरह पालन किया गया।

योग दिवस पर गूगल मीट के माध्यम से योग कराया

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन किया गया आदित्य नारायण महाविद्यालय दुमका के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 5 के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनहद लाल के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गूगल मीट के माध्यम से योग कराया गया। इस योग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी भी भाग लिए। प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार झा, डॉ चम्पक लता कुमारी ने भी भाग लिया। साथ ही भारत विकास परिषदर के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी योग कार्यक्रम साथ में इसी लिंक के द्वारा किए। भारत विकास परिषद के श्रीमती भारती शर्मा,मधुर कुमार सिंह के साथ में अन्य सदस्य भी भाग लिए। ₹आरोग्य भारतीर के संथाल परगना प्रभारी प्रवीण प्रभाकर रांची से भी योग कार्यक्रम में भाग लिये एवं इनके साथ आरोग्य भारती के पाकुड़ साहिबगंज गोड्डा देवघर जामताड़ा और दुमका से भी सदस्यगण भाग लिए। जामताड़ा से सोनू कुमार जी ने भी योग कार्यक्रम साथ में किया। साथ ही विजन सक्सेस कंपनी के निदेशक राजीव रंजन मिश्र गुमला से रिजवाना प्रवीण पुणे महाराष्ट्र से कन्हैया लाल जी जमशेदपुर से योग कार्यक्रम में अपने सदस्यों के साथ भाग लिए। सेवा भारती दुमका के जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद राय, अनूप कुमार गुप्ता ने भी भाग लिए। साथ ही विद्या भारतीर के प्राचार्य संदीप कुमार मंडल जी एवं सचिव भारती शर्मा जी ने भी योग कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ धनवंतरी बंदना से प्रवीण प्रभाकर ने शुरुआत कराया। योग मंत्र प्रो अनहद लाल (अनुज आर्य) ने कराया। संबोधन करने वालों में प्रवीण प्रभाकर, राजीव रंजन मिश्रा, रिजवाना परवीन, भारती शर्मा, कन्हैयालाल, सोनू कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह ने भी योग पर अपना विचार प्रस्तुत किए। योगाचार्य के रूप में स्वयं प्रोङ्क अनहद लाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला,और बताया कि हमारे ऋषि- महर्षि प्राचीन काल से योग को अपनाकर स्वस्थ रहते हुए संपूर्ण विश्व को स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए योग का सूत्र दिया है। और अष्टांग योग के माध्यम सेयम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के माध्यम से आत्मा को परमात्मा से मिलाने का मार्ग बताया है। साथ ही अष्ट चक्र भेदन करते हुए कुंडली जागरण कर सिद्ध होने के लिए मूलाधार चक्र, स्वाधिस्ठान चक्र, मणिपुर चक, अनाहत चक्र,विशुद्धि चक्र, आज्ञा चक्र, बिन्दु चक्र, और सहस्रार चक्र को जागरण कर समाधि तक पहुंचने का मार्ग बताया है। विदित हो कि नासा के स्थापना से हजारों वर्ष पूर्व ही हमारे संत- महात्मा अपने तपश्चर्या के बल पर प्राप्त ज्ञान को संसार के कल्याण के लिए बताया है। चाहे वह चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र, 12 राशियों का वर्णन दूरी आदि के बारे में जानकारी दी है। तारों की गणना, वैदिक गणित, शून्य की जानकारी, शल्य चिकित्सा, आयुर्वेद,योग, अणु, रस- रसायन के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया है। अंत में शांति मंत्र और धन्यवाद ज्ञापन कर समाप्त किया गया।

कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 56 व्यक्तियों ने भरा जुर्माना

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
वर्तमान में जिले में 58 कंटेनमेंट जोन सक्रिय हैं। ज्ञात हो कि कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के निवास स्थल को केन्द्र बिन्दु मानते हुए भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में कंटेनमेंट जॉन बनाये जा रहे हैं।

कंट्रोल रूम को आमजनों से कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त सभी शिकायतों का निष्पादन किया गया। दरअसल कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए आमजनों के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कोविड-19 से संबंधित शिकायत या सूचना प्राप्त कर सकता है। 24×7 यह कंट्रोल रूम कार्यरत है। मास्क नहीं पहनने एवं कोविड-19 के नियमों का उल्लंघन करने वाले 56 व्यक्तियों से 5550 रुपये जुर्माना वसूल किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

एसडीपीओ भड़के विज्ञप्ति में नाम नहीं होने पर

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। गांजा व सिरप बरामदगी को लेकर सोमवार को हंसडीहा थाने में बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस भी राजनीति की भेंट चढ़ गई। यहां पहुंचे जरमुंडी एसडीपीओ तैयार प्रेस विज्ञप्ति में अपना नाम नहीं देखकर भड़क गए और फिर पत्रकारों से बात किए बिना ही चले गए। दरअसल एसडीपीओ को ही सारी जानकारी मीडिया के साथ साझा करनी थी। इसके लिए प्रेस प्रतिनिधियों का आमंत्रित भी किया गया था, लेकिन एसडीपीओ ने जब प्रेस विज्ञप्ति को पढ़ना शुरू किया और अपना नाम नहीं देखा तो थाना प्रभारी पर भड़कते हुए प्रेस कान्फ्रेंस करने से इन्कार कर दिया और थाना परिसर से उठकर निकल गए। हालांकि कुछ देर बाद वह वापस लौटे, लेकिन पत्रकारों को बाद में आने को कह दिया। बाद में चोरी मामले में सर्किल इंस्पेक्टर संजय सुमन ने प्रेस को जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, हंसडीहा थानेदार आकृष्ट अमन ने रविवार को गांजा और सिरप जब्त करने के लिए छापेमारी से पहले एसडीपीओ से बात कर साथ चलने का आग्रह किया था, लेकिन वह नहीं आए। बाद में एसपी के कहने पर डीएसपी विजय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। बताया जाता है कि छापेमारी में किसी तरह की संलिप्तता नहीं होने पर प्रेस विज्ञप्ति में एसडीपीओ का नाम शामिल नहीं किया गया था, लेकिन इस बात पर एसडीपीओ भड़क गए।

एसपी अंबर लकड़ा ने कहा एसडीपीओ का यह व्यवहार ठीक नहीं था। अगर उन्हें थानेदार से किसी तरह की शिकायत थी तो प्रेसवार्ता के बाद उन्हें लिखकर देना चाहिए था। मामला समझकर कार्रवाई की जाती, लेकिन प्रेसवार्ता से उठकर जाने से पुलिस की छवि खराब होती है।

बोरवेल गाड़ी से टकराकर बाइक सवार की मौत

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। सरैयाहाट थाना क्षेत्र के मरकुंडा गांव के निकट रविवार की देर रात सड़क किनारे खड़ी बोरवेल गाड़ी में टक्कर मारने से बाइक सवार 26 वर्षीय श्रीधर मंडल की मौत हो गई। वहीं साथी अमृत राय गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कालेज अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद अमृत को भागलपुर रेफर कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद श्रीधर के शव को स्वजन को सुपुर्द कर दिया गया। मृतक गोड्डा के देवबंधा गांव कर रहनेवाला था। मामले में चाचा सुदामा मंडल के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, बिहार के बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र के हरिमोहरा निवासी अमृत राय की दो माह पहले ही सरैयाहाट के केंदुआ गांव में शादी हुई। वह अपने साथी देवबंधा निवासी श्रीधर के साथ ससुराल गया था। देर रात दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। मरकुंडा गांव के निकट उनकी बाइक सड़क के किनारे खड़ी बोरवेल गाड़ी से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण दुमका मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रात में श्रीधर की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल अमृत राय को बेहतर इलाज के लिए स्वजन रेफर कराकर भागलपुर ले गए। उसके कान से लगातार खून निकल रहा था। मृतक के चाचा सुदामा मंडल ने बताया कि भतीजा अमृत के कहने पर ही उसकी ससुराल गया था। वापस लौटने के क्रम में यह हादसा हो गया। श्रीधर की अभी शादी नहीं हुई थी।

निफा के सदस्यों ने अपने-अपने घरों पर किया योग

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोमवार को दुमका जिला निफा के सदस्यों ने कोविड-19 महामारी को देखते हुए अपने-अपने घरों पर ही योग किया. ऑनलाइन के माध्यम से भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य रुप निफा की जिलाध्यक्ष शशि प्रभा सोरेन ने कहा कि योग करें रहे निरोग इसी मंत्र के साथ हर दिन करे योगाभ्यास. अवसर पर जतिन कुमार,रमेश मंडल, सुमंत कुमार, दीपक राय, अभिषेक रंजन, भाग्यश्री शर्मा, सुमन बराट आदि निफा की सक्रिय सदस्यों ने अपने घरों पर योग किया.

योग से शरीर ही नहीं मन भी रहता है स्वस्थ

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। सोमवार को कुमार पाड़ा स्थित योग मित्र मंडल में योगाचार्य स्वामी राम चैतन्य के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कराया गया। कोविड-19 को देखते हुए इस बार कार्यक्रम अपने घर घर पर ही सदस्य कर रहे हैं। सत्यानंद योग केंद्र के द्वारा संध्या काल में योग पर परिचर्चा एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जबकि संस्थान में प्रातः काल योग का भी आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर वर्ष की तरह इस बार भी योग कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य रुप से केदार केसरी, शशि सिन्हा, डॉक्टर मनीष भारती, जतिन कुमार, नरेंद्र कुमार गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, मनोज जसवाल, प्रमिला देवी, राजकुमार गुप्ता, सीता राम साह, संजय जायसवाल, पिंकी कुमारी गुप्ता, माधव, रिद्धि, सिद्धि, दिनेश केसरी, राकेश रंजन, विक्रम आनंद, रमेश कुमार, सुमंत कुमार आदि मौजूद थे।

एएनएम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर किया योग

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपायुक्त राजेश्वरी बी ने जिलावासियों को शुभकामनाएं दी। उपायुक्त ने कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक है। योग को अपने जीवन का बहुमूल्य हिस्सा बना लेना चाहिए। हर एक नागरिक को इसे जुड़कर स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की कामना करनी चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरैयाहाट अंतर्गत एएनएम द्वारा ग्रामीणों के साथ योग किया। साथ ही योग के महत्व को भी बताया गया। योग के उपरांत वैक्सिनेशन का कार्य शुरु किया गया।

टीकाकरण से लोग महसूस कर रहे खुद को सुरक्षित

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब तक हेल्थ /फ्रंट लाइन वर्कर और 45 से 59 साल और 60 से ऊपर, 18 वर्ष से अधिक उम्र के आम जनता को कोविड वैक्सीन लगाने की मुहिम लगातार जारी है। उपायुक्त ने कहा है कि आप सभी संचालित टीकाकरण अभियान के तहत सम्मिलित होकर कोविड-19 का वैक्सीन अवशय लें। कोविड -19 की रोकथाम सम्बन्धित सरकार की तरफ से शुरू की गई कोविड -19 वैकसीनेशन मुहिम में सहयोग दें। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की ओर से 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए टीकाकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र या मोबाइल टीकाकरण वाहन के माध्यम से कोरोना का टीका अवशय लें। टीका पूरी सुरक्षित व जनहित में है। वैक्सीन कोरोना संक्रमण की गंभीरता अवस्था से बचाती है। टीका लगाने के बाद कोरोना का खतरा कम हो जाता है। कोरोना का टीका अवश्य लें और अपने आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी की वारदात का उद्भेदन

- **2514 रुपया नगद एवं पांच मोबाईल के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका।
हंसडीहा बाजार में गोड्डा रोड एवं हटिया रोड स्थित दुकानों में 18 जून को रात्री में ताला तोड़ कर एवं छत का चदरा उखाड़ कर चार दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। चोरी की घटना को लेकर रौशन कुमार ने हंसडीहा थाना में लिखित आवेदन दिया था। हंसडीहा पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी के कांड उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक हंसडीहा के नेतृत्व में टीम गठन कर अनुसंधान में भौतिक रूप से साक्ष्य एकत्रित करने तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की गई। हंसडीहा पुलिस की टीम ने महज 24 घण्टे के अंदर ही चोरी में शामिल अपराधियो एवं चोरी हुए सामानों को बरामद कर जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। जिसका उल्लेख निम्न प्रकार है. चोरी की घटना में शामिल मो रकीब अंसारी एवं प्रफुल्ल कुमार को हिरासत में लिया गया है। उक्त दोनों आरोपियों की निशानदेही पर 2514 रुपैया नगद, पांच मोबाईल एवं लकड़ी का बेट लगा हथौड़ा बरामद किया गया है.छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक संजय सुमन, थाना प्रभारी आकृष्ट अमन, पुलिस अवर निरीक्षक उत्तम, कुमार, मधुसूदन प्रसाद राय, रंजय कुमार, मनोज कुमार, रामनाथ खेरवार, आरक्षी मंटू कुमार, अमित कुमार गौरव, जितेंद्र कुमार शामिल थे.

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में ऑनलाईन योग सत्र का आयोजन किया गया

- ऑनलाइन के माध्यम से डीसी व एसपी, डीएफओ एंव डीडीसी समेत जिले के अन्य पदाधिकारी ऑनलाइन योग कार्यक्रम से जुड़ते हुए योग किया
- योग प्रशिक्षक संजय कुमार शुक्ला ने ऑनलाइन योगाभ्यास करवाया



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाकुड़ जिला में ऑनलाइन वर्चुअल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिदिन योग को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए स्वस्थ शरीर हेतु योग करना आवशयक है। इस बार योग दिवस की मुख्य विषय- वस्तु तंदुरुस्ती के लिए योग है। उन्होंने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए योग काफी महत्वपूर्ण है, इसे सभी को करनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि नियमित योग करने से विभिन्न रोगों से मुक्ति मिलती है। योग तन और मन के विकारों को दूर करता है। योग करने से जहां शरीर में स्फूर्ती आती है, वहीं हमारा अंदरूनी तंत्र भी मजबूत होता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। आज की भाग- दौड़ भरी जिंदगी में कुछ क्षण योग के लिए जरूर निकाले। योग प्रशिक्षक संजय कुमार शुक्ला ने रविंद्र भवन स्थित योग भवन परिसर से ऑनलाइन योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल, जिला वन पदाधिकारी रजनीश कुमार, उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा अधीक्षक दुर्गानंद झा, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने वर्चुअल योग कार्यक्रम से जोड़ते हुए योग किया।

डीसी, एसपी एंव डीडीसी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी मणिलाल मंडल एंव डीडीसी अनमोल कुमार सिंह के साथ सोमवार को पाकुड़ प्रखंड स्थित तारानगर एंव ईलामी पंचायत के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने इस दौरान बाढ़ से प्रभावित फसलों को देखा। वहां के ग्रामीणों से संवाद किया और हर संभव प्रशासनिक मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। वहीं बीडीओ, सीओ को प्रभावित फसलों का आकलन करने का निर्देश दिया। डीसी ने देखा कि बाढ़ से ज्यादातर हिस्सों में फसल प्रभावित हुई है। सड़कों पर पानी बह रहा है। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से स्थिति और गंभीर हो गई है। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि अभी एक झ्र दो दिनों से मौसम साफ होने के कारण पानी में कमी देखी जा रही है। डीसी ने कहा कि पानी कम नहीं होने तक कोई आवाजाही नहीं करें। मौके पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को भी आम लोगों को जगरूक करने की अपील की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. सफीक आलम, अंचलाधिकारी आलोक वरण केसरी, एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

जिले भर में विश्व योग दिवस पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर योगाभ्यास किया गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

अमड़ापाड़ा/ हिरणपुर/ लिट्टीपाड़ा/ पाकुडिया/ महेशपुर (पाकुड़)।
प्रखंड अंतर्गत सलपतरा और आलूबेड़ा गांव स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर विश्व योग दिवस के पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में उपस्थित सीएचओ विजेंद्र शर्मा ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को योग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए और विभिन्न तरह का योग भी कराएं. पिरामल स्वास्थ्य प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को बताया कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन हमलोग योग कर रहे हैं. हम सभी व्यक्ति को योग प्रतिदिन करना चाहिए. योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है. वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपना मंतव्य को साझा किया. मौके पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की एएनएम हेलेना मुर्मू एवं एबीटीओ शमीम अख्तर, सलपतरा गांव के पुरुष और महिला ग्रामीण उपस्थित थे.

पाकुड़ डीएवी में मनाया गया योग दिवस

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
डीएवी पब्लिक स्कूल गोकुलपुर में अंतरराष्ट्रीय योगदिवस बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोरोना के वावजूद इस बार का सातवाँ योग दिवस का थीम 'योगा और वेलनेस' ने करोड़ों लोगों में योग के प्रति उत्साह को और भी बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ विजय कुमार एवं अन्य वरीय शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ कुमार ने बच्चों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज योग दिवस पर ये कामना करता हूँ कि हर देश, हर समाज और हर व्यक्ति स्वस्थ हो। सब एक साथ मिलकर एक दुसरे की ताकत बने। हमारे ऋषि मुनियों ने योग के लिए ' समत्वं योग उच्यते' की परिभाषा दी है। उन्होंने आगे बताया कि आज जब पूरा विश्व कोरोना महामारी का मुकाबला कर रहा है तो योग उम्मीद की एक किरण बना हुआ है। योग मनुष्य को स्वस्थ एवं दीर्घायु प्रदान करता है। योग जो कि व्यायाम के सबसे प्रभावशाली रूपों में से एक है,स्वस्थ जीवन जीने के लिए बहुत आवशयक है। मन एवं मस्तिष्क को संतुलित रखने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। योग शरीर को ही रोगमुक्त नही करता बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक स्तर पर मानव को सशक्त, शांत और ओजस्वी बनाता है। विद्यालय के खेलकूद शिक्षक के साथ प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। मौके पर संजय कुमार यादव, विश्वनाथ मुखर्जी, परेश ब्रह्मा, संजीव मिश्रा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

कोरोना गाइड लाईन पालन करते हुए लोगों ने घरों व कार्यालय परिसर में किया योगाभ्यास

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)।

पाकुड़िया(पाकुड़)।
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोमवार को योग की महत्ता को देखते हुए सरकारी गाईड लाईन के पालन करते हुए लोगों ने अपने घरों में कई प्रकार के योग किया। पाकुड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य के चिकित्सा प्रभारी नवल कुमार के नेतृत्व में योग किया गया. डॉ ने बताया की योग करने से शरीर व मानसिक लाभ को बताया। इस अवसर पर प्रखण्ड परिवर्तन पदाधिकारी मनोज महतो, योगेश प्रसाद, शिवशंकर, मेरी बास्की, बवीता, निरंजन प्रससाद व शितेस ने योगाभ्यास किया। योग दिवस पर गनपुरा गांव के एचडब्लूसी परिसर में योग दिवस पर अनुपमा रुण्डा की अगुआई में योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक मनोज ने विभिन्न तरह की योग कराते हुए योग की महत्व के बारे में बताया. कहा की योगासन प्रति दिन प्रात खाली पेट करें। उन्होंने कहा की योग सदैव ही मानव जीवन के लिए वरदान रहा है. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मिथलश कुमार ने कहा की अपने अपने घरों में रहकर योग प्रतिदिन करें।

संक्षिप्त समाचार

सीमावर्ती क्षेत्र सलगापाड़ा गनपुरा, राधानगर सहित अन्य गांवों में चलाया गया वाहन जांच अभियान

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। पुलिस अधीक्षक पाकुड़ मणिलाल मंडल के निर्देशानुसार सोमवार को प्रखंड के गनपुरा, पाकुड़िया, सलगापाड़ा, राधानगर आदि अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता, सअनि गोविंद प्रसाद एवं पुलिस जवानों की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया एवं दो पहिया वाहन सवार लोगों का डिक्की, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, धुआं लाइसेंस एवं बैग आदि का अच्छी तरह से जांच किया गया। सिद्धू कानू चौक में भी आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों का डिक्की, सीट के नीचे ऊपर आदि की जांच की गई। एएस आई श्री प्रसाद ने बताया कि बॉर्डर की तरफ आने जानेवाले हर वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है। इधर जांच अभियान से चालकों के बीच हड़कंप देखा गया। लोग जांच के डर से दूसरे ग्रामीण रास्तों से गंतब्य की ओर जाते देखे गये।

लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ही पार्टी को मजबूत करेंगे: रंजीत सिंह

- विरोधी ताकतें आज पार्टी का तोड़ने का काम कर रहे हैं

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। लोक जनशक्ति पार्टी के पाकुड़ के सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ खड़े हैं और उन्हीं के नेतृत्व एवं दिशा निर्देश पर काम करेंगे. पार्टी उन्हीं के हाथों में सुरक्षित है उनके नेतृत्व एवं दिशा निर्देश हर प्रखंड के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व ऊर्जा के साथ पार्टी की मजबूती को लेकर कार्य कर रहा है. लोक जनशक्ति पार्टी पाकुड़ जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने बताया की पाकुड़ जिला इकाई लोजपा के कार्यकर्ता चिराग पासवान के साथ है स्वर्गीय राम विलास पासवान ने जिस पार्टी को अपने खून पसीने से सीख कर आज इस मुकाम तक पहुंचाया है. इस पार्टी को तोड़ने की साजिश रची जा रही है विरोधियों को यह साजिश कामयाब नहीं होने देंगे. चिराग पासवान और मजबूती के साथ उभर कर सामने आएंगे. समाज के दलित शोषित पिछड़ा अल्पसंख्यक वंचित लोगों ने स्वर्गीय राम विलास पासवान को अपना नेता माना और सांसद तक पहुंचाया. पासवान जी जीवन पर्यंत उन्हीं लोगों का उत्थान के लिए कार्य किए. उनके जाने के बाद विरोधी ताकतें आज पार्टी का तोड़ने का काम कर रहे हैं लेकिन हमलोग ऐसा नहीं होने देंगे. सभी एक जुट होकर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को हाथों को मजबूत करेंगे. आने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के कुशल नेतृत्व में काम करने को तैयार हो जाए.

आधा दर्जन पुलिस पदाधिकारी इधर से उधर

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। जिला के आधा दर्जन जिला बल के पुलिस पदाधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। कोर्ट कार्यालय के पुलिस अवर निरीक्षक को नगर थाना, पुलिस केंद्र पाकुड़ के बृजमोहन राम को नगर थाना, लिट्टीपाड़ा के सहायक अवर निरीक्षक बिपिन कुमार मुफ्फसिल थाना, लिट्टीपाड़ा के सहायक अवर निरीक्षक अरविंद कुमार को मुफ्फसिल थाना, पुलिस केंद्र के सहायक अवर निरीक्षक छोटेलाल यादव को हिरणपुर थाना, नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक शंकर प्रसाद यादव को मुफ्फसिल थाना, नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक उपेंद्र यादव को मुफ्फसिल थाना, मुफ्फसिल थाना के सहायक अवर निरीक्षक जगदीश तांती को एससी /एसटी थाना, एससी/एसटी थाना सहायक अवर निरीक्षक बीरेंद्र सिंह को मालपहाडी थाना में पदस्थापित किया गया है। पाकुड जिलादेश संख्या 550 के अनुसार तत्काल प्रभाव से पदस्थापित स्थान में योगदान अविलंब करने का आदेश जारी किया गया है।

21 जून 2021 से जिले के सभी 65 केंद्रों में 18 वर्ष के ऊपर के सभी व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा रहा है

- 18 वर्ष के ऊपर के सभी व्यक्ति अपने नजदीकी केंद्रों पर ले सकते हैं टीका

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचाव के लिए जिला में 18 वर्ष के ऊपर के लोगों को टीका से आच्छादित करने के उद्देश्य को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार 21 जून 2021 से जिला में संचालित 65 टीकाकरण केंद्रों पर 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगो का टीकाकरण किया जा रहा है। 18 वर्ष से ऊपर के लोग अब अपने नजदीकी केंद्रों में जाकर टीका ले सकते हैं। टीका का पहला डोज एवं दूसरा डोज किसी भी टीकाकरण केन्द्र पर लिया जा सकता है। सभी सेशन साइट्स पर कोविड प्रोटोकॉल का उचित अनुपालन सुनिश्चित करते हुए टीका लगाने का कार्य किया जा रहा है।

जिले में 4910 लोगों को लगाया गया टीका

- 18 प्लस कुल 3860 लोगों एंव 45 प्लस 1050 लोगों को लगा टीका

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। विशेष कोविड टीकाकरण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों में कुल 4910 लोगों को टीका लगाया गया। 18 प्लस लोगों में पाकुड़ प्रखंड में 1830, पाकुड़िया प्रखंड में 160, हिरणपुर प्रखंड में 530, अमड़ापाड़ा प्रखंड में 170, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 500 एवं महेशपुर प्रखंड में 670 लोगों को टीका लगाया गया। वहीं, 45 प्लस में पाकुड़ प्रखंड के 440, पाकुड़िया प्रखंड के 110, हिरणपुर प्रखंड के 60, अमड़ापाड़ा प्रखंड के 120, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के 180 एवं महेशपुर प्रखंड के 140 लोगों को टीका दिया गया। उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिलावासियों से अपील किया कि बारी आने पर टीका अवशय लगाएं। बेवजह सड़कों पर नहीं निकले। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करें।

कोरोना मुक्त हुआ पाकुड़ जिला

पाकुड़। (झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)। सोमवार को जिले में कोरोना के 1 मरीज ने बीमारी को मात देते हुए जिंदगी की जीत हासिल की। डॉक्टर ने 14 दिनों तक होम क्वारेंटाइन में रहने का निर्देश दिया है। आई फॉलोअप रिपोर्ट में 1 मरीज की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। जिले में वर्तमान एक्टिव मरीजों की संख्या 0 है।

लगातार लगा रही है झामुमो टीकाकरण शिविरः हबीबुर रहमान

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
आम लोगो के मांग पर झामुमो नगर कमिटी विशेष पहल कर रही है। बताते चले की झामुमो अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर रहमान एवं नगर अध्यक्ष मनोज ठाकुर की उपस्थिति में 60 लोगो ने वार्ड नंबर 03 के किताझोर प्राथमिक विद्यालय में कोवीड 19 का टीका लगवाया जबकि झामुमो नगर अध्यक्ष मनोज ठाकुर द्वारा उम्मीद जताई गई की, शाम तक सैकड़ा से ज्यादा लोगो को टीका लगाया जाएगा। मनोज ठाकुर ने कहा की झामुमो नगर कमिटी लगातार पाकुड़ नगर के अलग अलग वार्ड एवं मुहल्लो में विषेश शिविर का आयोजन कर लोगो को टीका लगवा रही है। जहा सरकारी गाइड लाइन का अनुपालन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा की झारखंड सरकार लगातार कोरोना महामारी के प्रति संगवेदन शील एवं सजग है। और ज्यादा से ज्यादा झारखंडियों के साथ साथ भारतीयों को टीका लगवाने हेतु प्रयासरत है। झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख एवं प्रखंड सचिव पंचलाल यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार द्वारा जहां भी कोरोना वारियर्स के विशेष टीम की आवशयकता होती है, वहा विशेष टीम मुहिया करवाई जा रही है एवं विशेष टीकाकरण कार्यक्रम शिविर के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम लोगो के सहयोग से लोगो को जागरूक कर टीकाकरण करवाया जा रहा है। आम लोगो के साथ सामंजस्य स्थापित कर झारखंड सरकार लगातार कार्य कर रही है। वही पाकुड़ जिला में लोगो में काफी जागरूकता देखने को मिल रही है। जिसका नजारा पाकुड़ में हुए टिके के आंकड़ों से लगाया जा सकता है जो पाकुड़ के लिए अच्छी खबर है,चुकी वैक्सीनेशन के माध्यम से ही कोरोना पर काबू पाया जा सकता है ये बात आम लोगो को धीरे धीरे समझ में आ रही है। वही झामुमो नगर कमिटी की तरफ से पाकुड़ सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान एवं पाकुड़ प्रखंड प्रभारी अहतेशामुद्दीन जी सहित पाकुड़ प्रशासन का विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। मुख्य भूमिका निभाते हुए नगर संगठन सचिव खैरुल शेख, नसीम अंसारी, आमीन शेख, जुबैर आलम, कलीमुद्दीन शेख, सुबोध रविदास आदि मौजूद थे।

ट्रिपल ए आशा बड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।
सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रेम कुमार मरांडी की उपस्थिति में ट्रिपल ए यानी एएनएम आशा आंगनबाड़ी सेविका को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित सभी एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका एवं साहिया को आगामी 27 जून से चलने वाले एनआईडी पल्स पोलियो अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सभी सेविका और साहिया अपने अपने क्षेत्र के लाभार्थियों का सर्वे करने के बारे में बताया गया. उपस्थित पिरामल स्वास्थ्य के प्रखंड प्रवर्तन पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने सभी साहिया एवं आंगनबाड़ी सेविका को अपने अपने पोषक क्षेत्र में सर्वे करने को लेकर जानकारी दिया. उन्होंने यह भी बताया कि आंगनवाड़ी सेविका और आशा दोनों मिलकर एक साथ में लाभार्थियों का सूची तैयार करे ताकि कहीं से कोई गड़बड़ी होने की बात नहीं है. उन्होंने कहा की सर्वे करने के बाद एएनएम को दिखाते हुए कार्यालय को जमा करना अनिवार्य है. मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक धनपति गिरी, अताउर रहमान एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

एआरडी डिपार्टमेंट बोकारो जोनल प्रबंधक ने बैंकों का दौरा कर दिये कई महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा निर्देश

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

जमुआ/गिरीडीह । ए आर डी डिपार्टमेंट बोकारो ज़ोनल कार्यालय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंहा ने सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा जमुआ, मिर्जागंज, खरगडीहा, मक- डीहा, चतरो, देवरी व तीसरी शाखा का दौरा कर शाखा प्रबंधक व बीसी के साथ बैठक कर एन पी ए ऋण वसूली, प्रधानमंत्री सुरक्षा, जीवनज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिनका खाता एनपीए हो गया है वे स्टार संजीवनी के तहत समझौता कर ऋण मुक्ति पा सकते है। बैंक विभिन्न प्रकार का ऋण कृषि कार्य, व्यवसाय, पढ़ाई, गृह निर्माण, विवाह सहित अन्य कार्य के लिए प्रदान करती है। ऋण धा- रक को समय समय पर ऋण चुकता करते रहना चाहिये। जो ऋण धारक ऋण चुकता करने में आनाकानी करते विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित है। बैंक सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक बीसी के माध्यम से बैंकिंग सेवा,सुविधा सुगमतापूर्वक नागरिकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। युद्धस्तर पर ऋण वसूली करें और बीमा,पेंशन से ग्राहकों को जोड़ने में बीसी अहम भूमिका निभाए। बैंक व बीसी का कार्य सराहनीय है। यूटीएल जमुआ संकुल प्रबंधक रितेश कुमार रतन ने कहा कि बैंक व ग्राहक के बीच बीसी सेतु की तरह कार्य कर रहे है।

उक्त अवसर पर जमुआ शाखा प्रबंधक मो वसीम अकरम अंसारी, मिर्जागंज शाखा प्रबंधक देवाशीष राय, खरगडीहा शाखा प्रबंधक मो सादिक अंसारी, चतरो शाखा प्रबंधक धीरज कुमार, देवरी शाखा मो इरशाद, तीसरी शाखा प्रबंधक रमण कुमार, मकडीहा शाखा प्रबंधक सहित बीसी योगेश कुमार पाण्डेय, मनोज महतो, संजय कुमार, बहादुर पंडित, बीरेंद्र यादव, कासिम अंसारी, ब्रह्मदेव विश्वकर्मा, पंकज वर्मा, सुमन कुमार साव, अनुपम सिन्हा, रीतलाल प्रसाद यादव, सूरज कुमार राम,मो जुनैद, मो दाऊद, दिनेश राय सहित छः बैंक बीसी मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस के धनवार विधानसभा प्रभारी ने सीएचसी प्रभारी की शिकायत करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय को लिखा पत्र

गावां/ गिरिडीह। (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। कांग्रेस के धनवार विधान सभा प्रभारी सह कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव मो० मरगूब आलम ने सोमवार को गावां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ० अरविंद कुमार की लापरवाहियां गिनाते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय झारखंड सरकार को एक पत्र लिखा है।

शिकायत करते हुए उन्होंने लिखा कि गावां स्वास्थ्य में उपलब्ध एम्बुलेंस का प्रयोग रोगियों को ले जाने के बजाय यहां के डॉक्टर और उसके स्टाफ अपने निजी कार्यो में ज्यादा उपयोग में लाते है। उन्होंने लिखा कि जब भी किसी घटना के बाद 108 एम्बुलेंस की मांग की जाती है तो ब्रेकडाउन का बहाना बना कर एम्बुलेंस को नही भेजा जाता है। पिछले एक सप्ताह से टायर फटने के वजह बता कर सेवा बन्द कर दी गयी है।

उन्होंने यह भी लिखा है कि सीएचसी प्रभारी डॉ० अरविंद कुमार सप्ताह में दो- तीन दिनों तक स्वास्थ्य केंद्र से गायब रहते है और बोकारो में संचालित अपने निजी हॉस्पिटल ग्लोबल हॉस्पिटल में समय देते है।

यहाँ के डॉक्टर और स्टाफ के लापरवाही का अंजाम यहां के रोगी और जनता भुगत चुके है। इसलिए उन्होंने इस पत्र के माध्यम स्वास्थ्य मंत्रालय से उक्त आरोपियों पर उचित कार्रवाई की मांग किया ताकि यहां की जनता इन लापरवाहियों का शिकार होने से बच सके।

पोक्सो एक्ट व दूसरा पशु क्रूरता अधिनियम के दो अलग-अलग कांडो के आरोपी को बेंगाबाद पुलिस ने भेजा जेल

गिरिडीह । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। बेंगाबाद पुलिस ने दो अलग-अलग कांड के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जिसका कांड संख्या 179/2017 दिनांक 18.05.2017 व/र -341/323/354(इ) क्ढउ & 08 पोस्को अू३. के प्राथमिकी अभियुक्त हलीम अंसारी उर्फ हकीम अनसरी उम्र 26 पिता इस्लाम अंसारी

सकीन बरियारपुर और दूसरा कांड संख्या 516/19 दिनांक 14.10.2019 व/र -11(ऊ)(ए) पशु क्रूरता अधिनियम & 12 ड्डन्र्प्र्ल्ली अू३. के प्राथमिकी अभियुक्त सरफुद्दीन अंसारी उम्र 47 पिता मो0 सफीक ग्राम मछली बाज़ार वर्तमान पता भंडारीडीह हाजी जमील, थाना नगर जिला गिरिडीह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बने राज कुमार

गिरिडीह । (झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)। लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर हुए पुनर्गठन में फिर से गिरिडीह के राजकुमार राज को लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है।

उक्त जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि राष्ट्रीय महासचिव के पद पर राजकुमार राज को मनोनीत किया गया है। जिसके लिए श्री राज पार्टी का और राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हैं।

श्री राज ने बताया कि मैं पहले भी राष्ट्रीय महासचिव के पद पर स्वर्गीय रामविलास पासवान के समय में था और अब फिर से मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के कार्यकाल में राष्ट्रीय महासचिव का पद मिला है इसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

शहर के कुख्यात अपराधी रोहित पर लगेगा सीसीए

- **ऐसे अपराधी समाज के लिए ठीक नहीं हैं। उनकी जगह जेल ही है-अम्बर लकड़ा**

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। जेल से निकलने के बाद ताबड़तोड़ वारदात को अंजाम देने वाले ग्रांट स्टेट के रोहित शर्मा की मुश्किलें अब बढ़ने वाली हैं। नगर थाना की पुलिस ने छह वारदात में शामिल रोहित पर सीसीए यानी क्रिमिनल कंट्रोल एक्ट लगाने का प्रस्ताव एसडीपीओ को भेज दिया है। एसपी के माध्यम से प्रस्ताव को उपायुक्त के पास भेजा जाएगा। सीसीए लगने के बाद उसका जेल से निकलना आसान नहीं होगा। निकलने पर एक साल के लिए जिलाबदर कर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, रोहित शर्मा नशे में रहकर वारदात को अंजाम देता है। पुलिस ने उसे पांच बार जेल भेजा, लेकिन जमानत पर बाहर निकलते ही फिर किसी वारदात को अंजाम दे देता है। रोहित को सबसे पहले नगर थाना की पुलिस ने वर्ष 2014 में गांधी मैदान के समीप तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। एक साल बाद यानी वर्ष 2015 में एक केस में पूछताछ के सिलसिले में नगर थाना लाया गया। उसने थाने से भागने का प्रयास किया तो एक हवलदार ने पकड़ लिया। इस दौरान छुड़ाने के प्रयास में हवलदार के सीने में चाकू घोंपकर वह फरार हो गया। हालांकि दूसरे दिन उसे नशे की हालत में ही पुराने अस्पताल परिसर से दबोचा गया। फिर हमला करने के आरोप में उसे जेल भेजा गया। जेल से बाहर आने के बाद वह और दबंग हो गया। वर्ष 2017 में उसे फिर से तमंचा के साथ पकड़ा गया। इसी साल रामनवमी से एक दिन पहले ही डंगालपाड़ा चौक में रंगदारी नहीं मिलने पर कुख्यात ने ठेकेदार शत्रुघ्न यादव को गोली मार दी, लेकिन उनकी जान बच गई। पुलिस ने रोहित को तमंचा के साथ पकड़कर हत्या के प्रयास में जेल भेजा। मार्च 2021 में भी जमीन के विवाद में आरोपित ने अपने चचेरे भाई जितेंद्र शर्मा की जान लेने के लिए दो गोली चलाई, लेकिन जितेंद्र किसी तरह से बच गए। इस मामले में पुलिस ने उसे रंगे हाथ पकड़कर जेल भेजा।

जेल से बाहर आने पर खतराः छह वारदात में शामिल रोहित के फिर से जेल से बाहर निकलने पर पुलिस को इस बात का डर सता रहा था कि कहीं वह फिर से कोई अनहोनी नहीं कर बैठे, क्योंकि उसका आपराधिक रिकॉर्ड बताता है कि नशे में अपने शौक को पूरा करने के लिए वह कभी भी किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। उसकी सारी हरकतों पर विराम लगाने के लिए ही नगर थाना की पुलिस ने सीसीए लगाने का प्रस्ताव तैयार कर एसडीपीओ को भेजा है। वहां से फाइल उपायुक्त के पास भेजी जाएगी। दुमका एसपी अम्बर लकड़ा ने कहा ऐसे अपराधी समाज के लिए ठीक नहीं हैं। उनकी जगह जेल ही है। सीसीए का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और मंजूरी के लिए उपायुक्त को भेजा जा रहा है। जिले के अपराधमुक्त करने के लिए इस तरह के अपराधियों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंगाबाद में नहीं रहते हैं ऑन ड्यूटी में डॉक्टर-परिजन

- **मरीजों को होती है परेशानी आज इसी को लेकर परिजनों ने किया बवाल**

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

बेंगाबाद/गिरिडीह । सोमवार की दोपहर में आम चुनने गए दो बच्चे वज्रपात की चपेट में आने से हुवे मूर्छित, घटना बेंगाबाद के हाड़ोडीह गाँव की है हाड़ोडीह गाँव निवासी दुलार सिंह के पुत्र सोनू सिंह वही स्व, प्रसाधि सिंह की पुत्री सपना सपना कुमारी है आनन फानन ने परिजनों ने लाया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंगाबाद वहां डॉक्टर ना मिलने से परिजन हुए नदारद बच्ची के चाचा ने बताया कि हॉस्पिटल आने में करीब आधे घंटे हो चुके थे लेकिन डॉक्टर ऑन ड्यूटी में कोई नहीं थे बच्चें बेचैन व परेशान हो रहे थे इसको लेकर परिजनों में काफी रोष देखा गया उन्होंने कहा कि इन्हीं सब स्वास्थ्य कर्मचारी के लापरवाही के चलते कईयों मरीजों की चली जाती हैं जान। और मूकदर्शक बनी रह जाते हैं स्वास्थ्य कर्मचारी अस्पताल में नहीं रहते हैं डॉक्टर फोन करने के काफी देर बाद आते हैं और करते हैं ईलाज तबतक काफी देर हो चुकी होती है यह अस्पताल में मनमर्जी व लापरवाह होकर कर्मी करते हैं ड्यूटी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अपने आवास पर किए योगाभ्यास

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

गिरिडीह । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अपने आवास पर योगाभ्यास कर योग दिवस मनाए श्री पासवान ने कहा योग एक ऐसी विद्या है। जो लोगों को मन से मन जोड़ता है एवं शरीर को स्वस्थ बनाता है जिससे लोग स्वस्थ रहते हैं चित्र प्रसन्न प्रसन्न रहता है तो कोई भी कार्य करने में मन लगता है।

उपाध्यक्ष श्री पासवान ने कहा की प्रतिदिन योग करना चाहिए और अपने गांव के लोगों को भी योग करवाना चाहिए उन्होंने गांव के ग्रामीण क्षेत्रों में आहवान किया कि अगर दवाई और हॉस्पिटल से बचना है तो योग को अपनाएं निश्चित है कि आपका शरीर स्वस्थ रहेगा जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो मेरा गांव स्वस्थ होगा जब गांव स्वस्थ होगा तो मेरा राज्य स्वस्थ होगा देश स्वस्थ होगा जब पूरा देश स्वस्थ होगा तो एक मजबूत राष्ट्र के रूप में हम जनता जनार्दन सकारात्मक सोच के साथ अपने अपने कार्य को कर सकेंगे।

जिला कृषि पदाधिकारी ने खाद दुकानों का निरिक्षण किया

किसानों के हित के साथ कोई समझोता नहीं किया जायेगाः मुनेंद्र दास

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़। जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, कृषि निरिक्षक पंचानन साहू, उप परियोजना निदेशक आत्मा पाकुड़ अरविंद कुमार राय, समीमुलला प्रखंड कृषि पदाधिकारी पाकुड़िया, मो जुनैद, ओनल मरांडी सहायक तकनीकी प्रबंधक पाकुड़िया ने पाकड़िया प्र- खंड के खाद दुकान का जाँच किया। सभी खाद दुकानदार को सरकार द्वारा तय दर पर खाद बेचने का हिदायत दिया गया। निरीक्षण में सभी दुकान के भंडार का जाँच एवं खाद का नमूना लिया गया। इस दौरान कृषि पदाधिकारी ने प्रखंड के राधेकृष्ण इंटरप्राइजेज चौकिसाल, आईएफएफडीसी गनपुरा, माँ तारा इंटरप्राइजेज पाकुडिया, मो फुरकान मियां फुलझींझरी सहित अन्य दुकानों की जांच की एवं स्टॉक रजिस्टर आदि के जांचोपरांत सरकार द्वारा तय मानक के अनुरूप ही किसानों को खाद उपलब्ध कराने का कड़ा निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी मुनेन्द्र दास ने बताया की पाकुड़िया प्रखंड के खाद दुकानों का निरिक्षण कर दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया गया है किसानों के हित के साथ कोई समझोता नहीं किया जायेगा. सरकारी दर पर ही किसानों को खाद उपलब्ध करावें. अगर किसी प्रकार का शिकायत मिली तो दुकानदारों पर कार्रवाई किया जायेगा.

योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लें

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

साहिबगंज। साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज एनएसएस की ओर से साथ में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हम सभी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लें। आज जब पूरा विश्व कोरोना महामारी का मुकाबला कर रहा है, तो योग उम्मीद की एक किरण बनी हुई है। दो वर्ष से दुनिया भर के देशों में और भारत में भले ही बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ हो लेकिन योग दिवस के प्रति उत्साह कम नहीं हुआ है। मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ राहुल कुमार संतोष, मुख्य वक्ता योग प्राध्यापक डॉ राकेश पराशर सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची, कार्यक्रम के संयोजक के रूप में एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ रणजीत कुमार सिंह, इग्नू समन्यक डॉ धुव्र ज्योति कु सिंह, डॉ प्रमोद कुमार दास, शिबू सोरेन जनजातीय कॉलेज बोरियों से प्राचार्य डॉ डीके ठाकुर, डॉ मैरी सोरेन, कर्मी अमर कुमार पारीक, एनएसएस वॉलंटियर छात्र अमन कुमार, होली कनक, खुशीलाल पंडित, शाहजहां परवीन काजल शामिल हुए. कनक, खुषीलाल व प्रवीन ने योग पर कविता पाठ कर योग व स्वस्थ के महत्तपूर्ण पहलू को बताया.

जामताड़ा विधायक कर रहे ओछी राजनीति, मुंह पर रखे लगामः कामेश्वर पासवान

- **पूर्व मंत्री अमर बावरी पर अमर्यादित टिप्पणी पर विधायक इरफान पर भड़के दलित सुप्रीमो कामेश्वर पासवान।**

गिरिडीह। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष कामेश्वर पासवान ने प्रेस वार्ता जारी कर कहा कि जामताड़ा विधायक को अपनी मर्यादा में रहनी चाहिए। राजनीति अपनी जगह है लेकिन किसी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करना राजनीति नहीं सरासर जाहिलता का प्रदर्शन है। विधायक को अपनी गरिमा का पता होना चाहिए कि वह क्या बोल रहे हैं किन के विषय में बोल रहे हैं और उनके इस तरह के अमर्यादित भाषा से लोगों पर क्या असर पड़ेगा। सम्मानित पद में रहने के बाद भी यदि वह अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं तो इसे हम बचपना भी मान सकते हैं और उनके नासमझी का प्रमाण भी मान सकते हैं। अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले नेताओं का यदि वह इतिहास को याद करेंगे तो उन्हें पता चल जाएगा कि जितने भी अमर्यादित भाषा वाले नेता थे सभी का हाल आज के तिथि में बुरा होहै चुका है। जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री पर टिप्पणी/ बयान का प्रयोग किया गया है यह बहुत ही शर्मनाक है।इस तरह का भाषा का प्रयोग करना ना सिर्फ एक व्यक्ति विशेष पर बल्कि पूरे दलित समाज पर एक घातक चोट है जो दलित समाज कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस तरह का भाषा का प्रयोग करना ना सिर्फ एक व्यक्ति विशेष पर बल्कि पूरे दलित समाज पर एक घातक चोट है जो दलित समाज कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा। जामताड़ा विधायक ने जिस तरह साउथ के लोगों को गुंडा उच्चका करार दिया है यह सिर्फ भाजपा नेता का नहीं बल्कि साउथ के लोगों के लिए भी अपमानजनक है। यदि विधायक को तनिक भी अपनी गलती का एहसास है तो उनको तुरंत माननीय पूर्व मंत्री से और साउथ की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस पर 505 वृक्ष लगाने का लिया संकल्प

देवघर। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के आदेशानुसार आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी के द्वारा कल दिनांक 22 जून 21को आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा इस मौके देवघर जिला कमेटी के द्वारा कल पांच सौ पांच वृक्ष लगाया जाएगा और साथ ही साथ मारगोमुणडा प्रखंड में रक्त दान शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एक दिवसीय रक्तदान शिविर यह पूरे प्रदेश में लगाया जाएगा और वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किया जाएगा ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पीपल और बरगद के साथ-साथ फलदार वृक्षों का भी देवघर जिले के सभी प्रखंड के गांवों में लगाया जाएगा, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह ने कहा कि इस कोरोना काल में जो इस महामारी में हमारे अपनों ने अपनों को खोया है उसी को लेकर यह रक्तदान का कार्यक्रम उनके ऊपर समर्पित है, साथ ही साथ आज शाम को 4:00 बजे आजसू पार्टी देवघर जिला कार्यालय में सुदेश कुमार महतो जी का जन्मदिन पूरे धूमधाम के साथ कोरोना गाइडलाइन को देखते हुए मनाया जाएगा। आज और कल के कार्यक्रम में आजसू पार्टी के देवघर जिला के केंद्र पदाधिकारी केंद्र समिति सदस्य, सभी अनुषंगियों ईकाई के जिला अध्यक्ष सर्विंग के प्रखंड के पदाधिकारी कल 10:00 बजे तक मार्गोमुंडा प्रखंड मुख्यालय पर पहुंचने का कष्ट करेंगे। जिला अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह आजसू पार्टी देवघर ने इसकी जानकारी दी।

प्रतिबंधित 153 बोतल कफसिरप व गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार



(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका । हंसडीहा थाना पुलिस ने सोमवार को प्रतिबंधित कपसिरप और गांजा के साथ चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपित धावाटांड़ का राजीव प्रसाद यादव फरार हो गया है। पुलिस ने हाथ आए आरोपित के घर से 153 बोतल कफसिरफ और करीब दो किलोग्राम गांजा बरामद किया है। एसपी को विगत दिनों से सूचना मिली थी कि हंसडीहा क्षेत्र में भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली ड्रग्स का अवैध व्यापार किया जा रहा है। भारी मात्रा में पटना से कफसिरप और मणिपुर से गांजा लाकर हंसडीहा व आसपास के इलाके में खपाया जा रहा है। सूचना के आधार पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई गई। रविवार रात हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ैत और धावाटांड़ में छापेमारी कर नशीले पदार्थो के साथ दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस निरीक्षक संजय सुमन ने बताया कि फरार आरोपित की तलाश में छापेमारी की जा रही है। यह भी जानने का प्रयास किया जा रहा है कि गांजा और सिरप कहां से आया था। टीम में हंसडीहा थाना प्रभारी आकृष्ट अमन व एसआइ उत्तम पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

विधायक ने बाबा मंदिर क्षेत्र खुदरा दुकानदार संघ के सदस्यों के बीच बांटे राहत सामग्री

देवघर। बाबा मंदिर क्षेत्र खुदरा दुकानदार संघ के द्वारा करोना महामारी के कारण बाबा मंदिर में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बंद होने के कारण क्षेत्र के अति जरूरतमंद परिवारों तक सूखा राशन उपलब्ध कराने हेतु एक मांग पत्र सौंपा गया था, जिस पर देवघर विधायक नारायण दास द्वारा आज दिनांक 21जून अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर बाबा मंदिर क्षेत्र खुदरा दुकानदार संघ के कार्यालय में जरूरतमंद परिवारों तक सूखा राशन उपलब्ध करा अन्न वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंदिर क्षेत्र के अति जरूरतमंद लगभग 400 परिवारों तक आगामी 5 से 7 दिनों तक राशन उपलब्ध कराया जाएगा,साथ ही उनके द्वारा आने वाले समय में भी जरूरतमंद परिवारों के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इस कार्यक्रम में देवघर विधायक के साथ संघ के संरक्षक चंदन साह, अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, उपाध्यक्ष सुभाष केसरी, महामंत्री राजाराम केसरी, सचिव बास्की नाथ केसरी, जीतू कसेरा, मनी केसरी, सनी केसरी, रोहन पटवा एवं अन्य उपस्थित थे।

शारीरिक योग के साथ मानसिक योग को शामिल करने का आवाहन

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका।
सातवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि परिवार की सभी शाखाओं भारत स्वाभिमान न्यास महिला पतंजलि समिति युवा भारत किसान पंचायत योगासन सोसाइटी विभिन्न स्थानों पर योग कक्षा का आयोजन करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाया। मुख्य कार्यक्रम अग्रसेन भवन दुमका में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संगठन मंत्री योग शिक्षक संतोष कुमार गोस्वामी के दिशा निर्देश पर योगाभ्यास किया गया। उक्त अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके जयमाला दीदी, नगर परिषद दुमका की पूर्व अध्यक्ष अमिता रक्षित गिरी वनवासी कल्याण परिषद के दुमका जिला अध्यक्ष मनोज सिंघानिया सचिव इंजीनियर के एन सिंह, विपिन अग्रवाल, वंदे उरांव, सूरज मुर्मू, प्रदीप अग्रवाल, हर्ष कुमार, सक्षम केसरी, विक्रम कुमार, निक्की कुमारी, वीके विनोद, विशाल कुमार यादव, मनोज कुमार साह, रंजीत कुमार मिश्रा, आदि मुख्य रूप से उपस्थित होकर योगाभ्यास कर कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षक शंभू कुमार और अनुपमा भारती सहायक योग शिक्षक के रूप में मंच पर विराजमान थे। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन पतंजलि किसान जिला प्रभारी संदीप कुमार जय बमबम ने किया। कार्यक्रम में शिब शंकर हांसदा जिसने कई कठिन आसनों का प्रदर्शन किया। जिसमें मयूरासन, सिरसासन, बकासन, पूर्णचक्रासन, पूर्णधनुरासन, द्विमहापादहस्तासन. उक्त अवसर पर बीके जयमाला दीदी ने अपने संदेश में लोगों को दैनिक जीवन में शारीरिक योग के साथ मानसिक योग को शामिल करने का आवाहन किया। क्योंकि योग ही एक ऐसा साधन है जिससे आज इस कोरोना के महामारी में लोगों का रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में कारगर हैं, जिसे हम लोगों ने स्वामी रामदेव जीके द्वारा प्रतिदिन टेलीविजन पर आने से पूरे भारतवर्ष में लोगों ने योग को दैनिक जीवन में लाया है जिसका हमें लाभ भी मिला। गिरी वनवासी कल्याण परिषद के अध्यक्ष मनोज सिंघानिया और सचिव इंजीनियर के एन सिंह ने कहा केजरी वनवासी कल्याण परिषद भी नियमित योग कक्षाएं का आयोजन करेगी और साथ में रात्रि पाठशाला का आयोजन करेगी जिसमें हमारे आदिवासी भाई बानो के बच्चे पढ़ाई कर पाएंगे

योग भी औषधि के साथ किरण का उम्मीद बना हुआ -प्रो सोनाझरिया मिंज

- **कुलपति ने प्रधानमंत्री और राज्यपाल को फोटो भेजने के लिए किया योग**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका।
विश्व अन्तर्राष्टरीय योग दिवस पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्ववद्यालय में योग दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो सोना झरिया मिंज ने कहा कि विवि के सभी स्नातकोत्तर विभागों, महाविद्यालयों के सभी शिक्षक्रो एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों यथा विभागाध्यक्षो, प्रचार्यों, विवि के सभी पदाधिकारियों द्वारा योग करके समाज में इसके महत्ता को प्रासंगिक बनाने का महती कार्य किया गया.
योग के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्हौने कहा कि आज जब पूरा विश्व कोरोना महामारी का मुकाबला कर रहा है तो ऐसे में योग भी औषधि के साथ किरण का उम्मीद बना हुआ है। हमारे प्रसिद्ध डॉक्टर भी योगा करने का लगातार सुझाव दे रहे है। कुलपति ने कहा कि यदि शरीर और मन स्वस्थ नही है तो किसी भी लक्ष्य को पाना असम्भव है। योगा करने से मन और शरीर दोनों ही स्वस्थ रहते है। उन्हौनें कहा कि मानव मात्र की सफलता तीन चीजों से मापी जाती है. घन प्रसिद्धि और मन की शांति। घन और प्रसिद्धि पाना आसान है लेकिन मन की शांति तो केवल योग से ही मिलती है। उन्हौने कहा कि योग के विभिन्न आसनो से न केवल शरीर को रोगमुक्त किया जा सकता है बल्कि मानसिक और बौद्धिक स्तर पर मानव को सशक्त, शांत एवं ओजस्वी के साथ जागरुकता स्थापित करने हेतु सुतलन का काम करता है। उन्हौनें कहा कि योग धर्म या अध्यात्म नहीं एक विज्ञान है। यह कल्याण का विज्ञान है, यौवन का विज्ञान है। शरीर ,मन और आत्मा को जोड़ने का विज्ञान है।
विवि के मीडिया प्रभारी डा विनय कुमार सिन्हा ने बताया कि योग का सब फोटो राज्यपाल व मुख्यमंत्री सचिवालय के साथ ही प्रधानमंत्री के कार्यालय को भी भेजा जायेगा।

पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ एवं पाकुड़ जिला योग संघ ने संयुक्त रुप से मनाया योग दिवस

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
जिला स्तर स्टेडियम बैंक कॉलोनी में विश्व योगा योग दिवस के अवसर पर जिला ओलंपिक संघ एवं पाकुड़ जिला योग संघ के संयुक्त तत्वाधान में कोविड-19 को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए योगाभ्यास कराया गया। उक्त योगाभ्यास में लगभग 60 बालक/ बालिका खिलाड़ी तथा संघ के प्रशिक्षक एवं विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी ने भाग लिया. जिसकी जानकारी पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रणवीर सिंह ने दी। वही योग प्रशिक्षक तरुण कुमार शाह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है. यह दिन वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घ जीवन प्रदान करता है. पहली बार यह दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया, उक्त कार्यक्रम में नारायण चंद्र रॉय प्रशिक्षक, पाकुड़ जिला योग संघ के अध्यक्ष भोला कुमार दास, उपाध्यक्ष समीर कुमार दास, योग संघ के सचिव तरुण कुमार साह, मृणाल चौरसिया, हबीबुर शेख आदि खेल संघ के पदाधिकारियों एवं बालक बालिका खिलाड़ी मौजूद थे।

योग कर दिया सन्देश कहा करे योग रहे निरोग

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

पाकुड़।
भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता सह अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिस्फिका हसन ने अंतर्राट्रीय योग दिवस पर योग किया. मिस्फिका ने कहा नियमित रूप से प्रतिदिन योग करे और निरोग रहे.

प्रखंड मुख्यालय में आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका।
प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत पंचायत सचिव के साथ बैठक की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना और इंदिरा आवास योजना की समीक्षा की गई। सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि अपर सचिव ग्रामीण विकास विभाग रांची द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए लक्ष्य के अनुरूप आवास को हर हाल में ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त आवास प्लस में अंकित लाभुकों की सूची सभी पंचायत सचिव को सत्यापन के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। उक्त सूची को 3 दिनों के अंदर सत्यापन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और सभी सीआरपी एवं बीआरपी के साथ किया गया।

कोविड-19 पेंडेमिक विषय पर वर्चुअल वर्कशॉप आयोजित

- **कोविड के कारण सभी परेशान है-डॉ विनोद कुमार**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका।
सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सह तनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ के सचिव डॉ विनोद कुमार शर्मा ने जे जे एस डिग्री कॉलेज व महात्मा गांधी नेशनल कौंसिल ऑफ रूरल एडुकेशन के संयुक्त तत्वधान में 'साइको-सोशल स्किल्स फॉर हेल्पर इन टेकलिंग कोविड-19 पेंडेमिक ' विषय पर आयोजित एक दिवसीय वर्चुअल वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि कोविड के कारण सभी परेशान है। बर्बादियों के मोड़ पर ला खड़ा कर दिया है। महामारी के दुष्प्रभाव से घर-घर लोग ना केवल मानसिक तनाव, पूर्णानुमानित भय, विषाद व संवेगात्मक परेशानियों से घिरे व बेचैन दिख रहे है बल्कि आर्थिक नुकसान, सामाजिक धैर्यता, आत्मविश्वास, निःस्वार्थ सम्मान, सकारात्मक मनोवृत्ति, निंदा, पारिवारिक दुःख व चिंता से तंग आकर लोग आत्महत्या भी कर रहे है। ऐसे में लोगो को मनोवैज्ञानिक फर्स्ट एड के साथ एक अच्छे मददगार की भी जरूरत होती है जो ना केवल संवेगात्मक रूप से उनका दर्द हाल जानने वाला हो, सच्चे व निःस्वार्थ रूप से आँसू पोछने वाला हो बल्कि सही व प्रमाणित सूचना देने, सुझाव, समर्थन, सहयोग व मार्गदर्शन देने के साथ-साथ लिंकेज बनाने की क्षमता का स्किल्स यानि कौशल भी रखता हो।



डॉ विनोद कुमार शर्मा ने हेल्पर के गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि जो कोई एन एस एस व एन सी सी वालंटियर्स या सामाजिक कार्यकर्ता हेल्पर के रूप में कार्य करने को अभिप्रेरित है उनमें सुनने की क्षमता, भावना, ईमानदारी, समानुभूति, सेंस ऑफ 'मर, अनकंडीशनल पॉजिटिव रिगार्ड, दूसरों के प्रति गोपनीयता, विचारों का खुलापन व लचीलापन, सेवा लगनशीलता आदि का गुण होना चाहिए तभी लोगों के तनाव, विषाद, भय व संवेगात्मक विक्षोव को कम कर सकेंगे और लोगों को खुलशाली के वातावरण में दृढ़ निश्चय के साथ जीने के काबिल बना सकेंगे। इस वर्कशॉप में वालंटियर्स के अनुभवों के साथ चर्चा दूसरे संसाधन सेवी रितिका पुनिया ने किया। उन्होंने टीम में काम करने की सलाह बताई तो वही उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कॉलेज प्राचार्य प्रो कृष्ण मोहन साह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम गूगल मीट पर आयोजित किया गया। कन्वेनर श्री राम प्रकाश दास, एन एस एस नोडल ऑफिसर थे जबकि मंच संचालन प्रो कुंदन कुमार सिन्हा व धन्यवाद ज्ञापन प्रो राकेश रंजन ने किया।

टावर चौक सहित कई जगहों पर चला मास्क चेकिंग अभियान

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका।
प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में टावर चौक सहित शहरी क्षेत्र में कई जगहों पर मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के तमाम कोशिशों के बावजूद लोगों की लापरवाही जग जाहिर है। ऐसे में प्रशासन की ओर से सख्ती बरती जा रही है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बीच लोग कोविड नियमों का सही तरीके से पालना नहीं करते पाए गए। बीडीओ ने बिना मास्क के पकड़े गए एक दर्जन से भी अधिक राहगीरी से लेकर दुकानदारों से जुर्माना वसूल किया। 16 व्यक्तियों से कुल 1550 रुपये वसूले गयें। साथ ही दुकानदारों को खुद और ग्राहकों को मास्क पहनने की चेतावनी दी। कहा कि आगे से और सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। कोरोना का संक्रमण कभी भी बढ़ सकता है ऐसे में बिना मास्क के लोग दूसरों की जिंदगी से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। बीडीओ ने अभियान के क्रम में कोरोना को लेकर जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील की। कहा कि मास्क के अलावा शारीरिक दूरी का पालन अनिवार्य रूप से करना है।
सरकार द्वारा जारी कोविड संबंधित दिशा निर्देशों को कई बार लोगों को सूचित किया गया है और लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि सभी लोग मास्क पहने जिससे कि इस भयावह महामारी से बचने में सफलता मिल सके।

संक्षिप्त समाचार

सांसद ने रेलवेस्टेशन में कार्यकर्ताओं के साथ किया योग

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। सेंट जेवियर्स कॉलेज, महारो में सोमवार को एनएसएस इकाई के समन्वय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इस वर्ष महामारी के कारण प्रतिबंधों के कारण यह कार्यक्रम गूगल मीट प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ऑनलाइन आयोजित किया गया। संस्था के एनएसएस अधिकारी गोपीनाथ ने औपचारिक रूप से स्वागत भाषण और योग दिवस के परिचय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ स्टीफन राज ने छात्रों को संबोधित किया और मुख्य भाषण दिया जहां उन्होंने शरीर और मन के अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर जोर दिया। इसके बाद, संस्थान के आईक्यूएसी समन्वयक रेव. फादर डॉ डेविड राज ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें योग के माध्यम से एक अच्छा शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कई विभागों के छात्रों ने विषय पर आधारित निबंध लेखन, पेंटिंग, गायन और भाषण जैसे विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के संकाय सदस्यों, मुख्यतः डॉ आर के राय, महेश कुमार, कुसुम एवं अन्य छात्रों ने भाग लिया और नियमित रूप से योग अभ्यास करने का संकल्प लिया। धन्यवाद ज्ञापन गोपीनाथ एवं हिमाद्रि ने किया। इधर अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर दुमका लोकसभा सांसद सुनील सोरेन के नेतृत्व में बारा पलासी रेलवेस्टेशन में कार्यकर्ताओं के साथ सामुहिक योगाभ्यास किया गया जबकि सरसाबाद पंचायत भवन में भाजपा युवा नेता सह सामजिक कार्यकर्ता राजू पुजहर के नेतृत्व में सामुहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि नियमित योग से नीरोग जीवन जिया जा सकता है। योग ने कोरोना जैसी महामारी से सुरक्षा प्रदान किया है। इसलिए योग को दैनिक जीवन मे अपनाए।

कैरियर से जुडी अनेक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी

- **कैरियर कौन्सिलींग और इनफार्मेशन शेयरिंग विषय पर वेब मीटिंग का आयोजन**

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। इग्नू अध्ययन केन्द्र एस पी कालेज के तत्वावधान में कैरियर कौन्सिलींग और इनफार्मेशन शेयरिंग विषय पर एक वेब मीटिंग का आयोजन प्राचार्य डा एस के सिंहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसके मुख्य अतिथि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र देवघर के निदेशक डा अरविंद मनोज कुमार सिंह थे। विषय विशेषज्ञ के रूप में इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के सहायक निदेशक डा ए के मिश्र, इग्नू अध्ययन केन्द्र एस पी कालेज दुमका के समन्वयक डा के पी यादव एवं प्रो प्रतिभा टुडू ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि निदेशक डा ए एम के सिंह ने बीएड संकाय के छात्रों को कैरियर से जुडी अनेक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इसके लिए इग्नू के अनेक सहयोगी व लाभप्रद पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। जैसे बीएड के छात्र विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्सों जो छह महीने के हैं-जैसे सी आई जी (मार्गदर्शन में प्रमाण पत्र) सीटीपीएम, सीईएस, सीटीई, सीडीएम, सीआरडीआदि इग्नू में अनेक पाठ्यक्रम हैं। ऐसे कोर्सेस बीएड के साथ साथ किए जा सकते हैं। नियोजन के समय ये उनको वेटेज दिला सकते हैं। सहायक निदेशक डा मिश्र ने बडे विस्तार के साथ बीएड के विभिन्न आयामों को व इसके विभिन्न एप्लिकेशन को बताया। उन्होंने जून सत्र में बीएड पूरा कर रहे छात्रों को एम ए इन एडुकेशन में नामांकन कराने की सलाह दी। विदित हो कि इग्नू में जुलाई 2021 सत्र का नामांकन चल रहा है जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई है। प्राचार्य डा एस के सिन्हा ने अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की महता को बताते हुए सबों से योग कर निरोग रहने का आ''ान किया। साथ ही छात्रों को जीवन में आगे बढने और आदर्श नागरिक बनने के कई गुर बताये। समन्वयक डा यादव ने इग्नू के फीचर्श को बताया। जुलाई सत्र के नामांकनकी अंतिम तिथि 15 जुलाई के पूर्व आनलाईन नामांकन करा लेने की सलाह दी। एस टी/एससी एवं ट्रांसजेंडर्स को कुछ कोर्सेस में शिक्षणशुल्क में छूट का भी प्रावधान है जिन्हें ईलर्निंग स्टडी मेटेरियल मिलेगा। प्रतिभा टुडू ने स्वागत भाषण और धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मीटिंग में बहुत एड संकाय के करीब तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दुमका में 1 व्यक्ति पाया गया कोरोना पॉजिटिव

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि सोमवार को 01 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाया गया हैं। अब तक दुमका जिला में कुल 4609 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। अबतक कुल 45 लोगों की मौत हो चुकी है। आज 04 व्यक्ति कोरोना संक्रमण से ठीक हुए। वर्तमान में कुल 33 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है।
उपायुक्त ने लोगों से अपील कि है कि बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलें व सामाजिक दूरी का पालन करें। अफवाहों से दूर रहें। स्वास्थ विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

धोबीडीह के जमीन विवाद में मारपीट इब्राहिम अंसारी को मारकर किया घायल

गिरिडीह। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। मामला पचम्बा थाना अंतर्गत खरीओडीह पंचायत के धोबीडीह गांव का है जहां दो पक्षों के बीच में जमीन को लेकर विवाद काफी लंबे समय से चल रहा था। इस मामले की सूचना पूर्व में ही पचम्बा थाना को दी गई थी लेकिन उसके बावजूद भी थाना के तरफ से कोई कारगर पहल नहीं की गई। अंततः दो पक्ष आपस में भिड़ गए और इब्राहिम अंसारी को ईंट पत्थर से मारकर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। अभी सदर अस्पताल गिरिडीह में घायल इब्राहिम अंसारी का इलाज जारी है। हालांकि डॉक्टर ने इसे खतरे से बाहर बताया है। लेकिन इस घटना ने पुलिस के कार्यशैली पर एक सवालिया निशान खड़ा कर दिया है कि जब पुलिस को पूर्व से ही सूचना थी कि जमीन का यहां विवाद है तो उसका निपटारा करने के बजाय यह मामला इतना आगे कैसे बढ़ गया।

आजसू की कहानी सूर्य सिंह बेसरा की जुबानी

(झारखण्ड देखो /डेस्क)

इतिहास के झरोखे - सन 1986 की परिघटना है . दिन था 21 जून डॉक्टर पशुपति प्रसाद महतो के प्रस्ताव पर उड़ीसा राज्य के बारीपदा स्थित चित्रड़ा जाने का कार्यक्रम बना हम लोग सब पार्टी की कार्यक्रम में जमशेदपुर स्थित सोनारी में उपस्थित थे . 21 जून को सुबह अचानक डॉक्टर पशुपति प्रसाद महतो का प्रस्ताव आया और उसी के अनुरूप आस्तिक महतो की जीप गाड़ी जिसका नंबर 281 था उसी में सवार होकर डॉक्टर पशुपति प्रसाद महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल महतो केंद्रीय सचिव शैलेंद्र महतो मोहन कर्म कार और मैं स्वयं सूर्य सिंह बेसरा सुबह-सुबह जमशेदपुर से बारी-बारी पारा के लिए रवाना हो गए . गाड़ी में सफर करते करते मैंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की झार खंड छात्र संगठन का नामकरण को लेकर प्रस्ताव रख दी . इस विषय पर करीब 3 घंटे तक बस चली I मैंने संगठन की स्वरूप का प्रारूप पहले से तैयार करके रखा थाा मैंने उसी को प्रस्तुत करते हुए ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू)का नामकरण के लिए प्रस्ताव रखा. इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप शैलेंद्र महतो ने झारखंड छात्र मोर्चा का प्रस्ताव दिया. इन दो नामों के को लेकर काफी तर्क वितर्क हुई और बहस बाजी हुई. अंततः डॉक्टर पशुपति प्रसाद महतो और निर्मल महतो ने आजसू .के नाम पर स्वीकृति प्रदान कर दीा तब तक हम लोग बारीपदा से करीब 25 किलोमीटर चित्रड़ा गांव पहुंच गए थे . उड़ीसा क्षेत्रों के झारखंड आंदोलनकारी श्री पदम लोचन ने कार्यक्रम का आयोजन किया था. हम लोगों को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया . कार्यक्रम संपन्न होने के बाद खाने पीने के बाद उसी दिन हम लोग रात को जमशेदपुर लौट आए. दूसरे दिन यानी 22 जून था .सुबह करीब 10:00 बजे सोनारी स्थित झामुमो कार्यालय में एक आपातकालीन बैठक बुलाई; जिस में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल महतो .केंद्रीय सचिव शैलेंद्र महतो ;डॉक्टर पशुपति प्रसाद महतो आस्तिक महतो पत्रकार केदार महतो सुनील वरन बनर्जी(टेलीग्राफ)एसएन सिंह (इंडियन नेशन)इफ्तिखार हुसैन (आदितवाणी) की उपस्थिति में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन(आजसू) के नामकरण का प्रारूप प्रस्तुत किया ;जिसका सर्वसम्मति से पारित किया गया . इस प्रकार झारखंड के इतिहास में 22 जून 1986 को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) की गठन बहुत बड़ी पूरी घटना है. 22 जून को ही आजसू की सिंहभूम जिला कमेटी का गठन भी किया गया . जिसका पहला अध्यक्ष- सुसेन महतो ,सचिव - गोपाल बैनर्जी एवं विद्युत वरण महतो को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया . उसी बैठक में निर्णय लिया गया कि संयोजक सूर्य सिंह बेसरा ,बबलू मुर्मू और हरी शंकर महतो को 25 जुलाई को ऑल असम स्टूडेंट यूनियन(आसू) के नेता सह- असम के मुख्यमंत्री प्रफुल्ल कुमार महंत तथा गोरखालैंड के नेता सुभाष घिसिंग) से भेंट वार्ता के लिए जाएंगे . इसके पूर्व 1979 मे जमशेदपुर स्थित बा-री मैदान में छोटनागपुर संथाल परगना युवा छात्र संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक विशाल जनसभा में उपस्थित पहली बार मेरी मुलाकात शैलेंद्र महतो से हुई थी ;उसी दिन मैंने उनके साथ घोड़ा बंदा आए . शैलेंद्र महतो ने ही मुझे 979 में ही झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल कराया था. 1980 में शैलेंद्र महतो और मैं दोनों की जुगल जोड़ी नेतृत्व में मुसाबनी में पहली बार दिशोम गुरु शिबू सोरेन की ऐतिहासिक विशाल जनसभा का आयोजित किया था . 1983 में झामुमो की पहली महाधिवेशन् धनबाद जिले के सराय ढेला में संपन्न हुई थी. जहां मुझे पार्टी के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। झामुमो की दितिय महाधिवेशन 27 - 28 एप्रिल 1986 को रांची स्थित टाउन हॉल में संपन्न हुई थी. जहां मैंने पार्टी की छात्र संगठन का इकाई का गठन करने का प्रस्ताव रखा था.जिसका सर्वसम्मति से पारित किया गया था.उसके बाद 1 जून 1986 को बोकारो में केंद्रीय कमेटी की बैठक में मुझे छात्र संगठन बनाने के लिए संयोजक मनोनीत किया गया था . उन दिनों 1979 से लेकर 1985 तक पूर्वोत्तर राज्यों में छात्रों का उग्र आंदोलन हो रहा था .ऑल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू) की हिंसक आंदोलन तथा युवा छात्रों की असम सरकार देश और दुनिया की अखबारों की सुर्खियों में था. पूर्वोत्तर राज्यों के छात्रों की हिंसक आंदोलन से प्रेरित होकर ऑल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू)के तर्ज पर मैंने अपना विवेक बुद्धि से 22 जून 1996 को ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन(आजसू) की स्थापना किया . मेरे नेतृत्व में 1989 में 72 घंटे की झारखंड बंद के परिणाम स्वरुप केंद्र सरकार को झारखंड वार्ता के लिए पहली बार बाध्य किया गया .जो झारखंड राज्य निर्माण में निर्णायक साबित हुआ और तो और आजसू के झारखंड आंदोलन से 50 साल पुरानी झारखंड आंदोलन की दिशा ही बदल गया. इस प्रकार झारखंड राज्य निर्माण में आजसू का बहुत बड़ा योगदान रहा है . सुदेश कुमार महतो सन 2000 में सिल्ली विधानसभा से आजसू के समर्थित उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े और निर्वाचित हुए. सुदेश कुमार महतो ने आजसू के नेताओं को विश्वास में नहीं लेक र फर्जी शपथ पत्र दाखिल कर गए. भारत निर्वाचन आयोग में उन्होंने 2002 में आवेदन दिया और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के नाम से पार्टी पंजीकरण के लिए आवेदन दिया था .जिसका आपत्ति मैंने चुनाव आयोग को दिया और 2003 में जांच पड़ताल में पाया गया कि सुदेश कुमार महतो का आवेदन फर्जी है और फ्रॉड तरीके से उन्होंने ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन को पार्टी के नाम से पंजीकरण करने का प्रयास किया था. चुनाव आयोग ने उनको नोटिस जारी किया है और अविलंब नाम को बदलने के लिए उसको निर्देश दिया गया.तत्पश्चात सुदेश कुमार महतो ने 2007 में जमशेदपुर में महा अधिवेशन बुलाकर आजसू पाट-ी का नामकरण किया यानी आजसू ब्रांडेड नाम पर हायजेक करके आजसू पार्टी के नाम से राजनीतिक पार्टी का गठन किया और भारत निर्वाचन आयोग से पंजीकृत कर लिया. इस प्रकार मेरे -द्वारा नेतृत्व में आजसू बनाया था .वह आजसू खून देने वाला मजनू था और आज का आजसू पार्टी यानी सुदेश महतो का दूध पीने वाला मजनू बन गया है।

रकुल प्रीत का फूटा गुस्सा

अपनी एक्टिग के दम पर लोगों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। इसी बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया है कि अभिनेत्री के पास टॉलीवुड में कोई काम नही है। रिपोर्ट के अनुसार रकुल प्रीत सिंह ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो बैक-टू-बैक कई परियोजनाओं में व्यस्त हैं और तेलुगु फिल्म में उनके लिए कोई ऑफर नहीं है। एक्ट्रेस बॉलीवुड में कमर्शियल फिल्म करना चाहती हैं और सही मौके का इंतजार कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर आर्टिकल का लिंक शेयर करते हुए खंडन किया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 'मुझे आश्चर्य है कि मैंने ये कब कहा। दोस्तों साल में केवल 365 दिन होते हैं और अगर आप छह से अधिक फिल्मों को काम कर रहे हैं, जो मैं अभी कर रही हूं। तो कृपया मेरी टीम की मदद करें।' बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को तेलुगु फिल्मों में आखिरी बार साल 2020 में देखा गया था। इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के साथ साउथ के अभिनेता नितिन और अभिनेत्री प्रिया प्रकाश वारियर ने भी अहम किरदार निभाएं हैं।

शिल्पा ने बताए योग के फायदे

सोमवार 21 जून को दुनिया भर में 7वां योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नेता, अभिनेता योगासन करते वक्त के फोटोज वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को योग करने की सलाह दी। इसी बीच अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो लोगों को योग से होने वाले फायदों के बारे में बता रही हैं। वीडियो की शुरूआत में अभिनेत्री सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आत्मनमस्ते कर रही हैं। साथ ही सभी के सुख, शांति और स्वास्थ्य की प्रार्थाना कर रही हैं। इसके बाद वो वीडियो में कहती हैं कि आज लोगों को सांस के बारे में बताएगी, क्योंकि सांस हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इस मुश्किल वक्त में हमको अपनी सांसों पर कंट्रोल करने की जरूरत है, जो हमारी ब्रेथ को कंट्रोल करते उसको प्राणायाम कहते हैं। तो आज इस योग दिवस के मौके पर मैं आपको भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करने व बताने जा रही हैं। जो हमारे शरीर व मष्तिक को शांत करता है, तनाव को दूर करता है और एकाग्रता में सुधार करता है।' वीडियो में वो आगे कहती है कि भ्रामरी प्राणायम हामिंग की ओम ध्वनि के माध्यम से 15 प्रतिशत नाई-ट्रक ऑक्साइड उत्पन्न करता है, जो कोविड-19 से ठीक होने में मदद करता है। साथ ही उन्होंने फैंस से योग करने का आग्रह किया है।'

डब्बू रतनानी के कैलेंडर के लिए आलिया भट्ट ने करवाया हॉट फोटोशूट, तस्वीर वायरल

सेलिब्रिटी फोटोग्रॉफर डब्बू रतनानी का कैलेंडर हर साल सुर्खियों में छाया रहता है। इस कैलेंडर में कई बॉलीबुड सेलेब्स का ग्लैमरस और बोल्ड अंदाज नजर आता है। डब्बू रतनानी के 2021 कैलेंडर से अब तक कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के फोटोशूट सामने आ चुके हैं।]

आलिया भट्ट डब्बू रतनानी के लिए अब तक कई बार फोटोशूट करवा चुकी हैं। इस एक बार टॉपलेस अवतार में भी नजर आई थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529